# 3540 करोड़ से बन रहा जबलपुर आउटर रिंग रोड

## एनएचएआई की परियोजना से व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई द्वारा मप्र में विकसित की जा रही जबलपुर आउटर रिंग रोड परियोजना महाकौशल क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है.**

प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है. लगभग 3,540 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रही 114 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी परियोजना जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी. जबलपुर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाली यह परियोजना शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन, कृषि और औद्योगिक गतिविधियों को भी मजबूती प्रदान करेगी. फोर लेन वाले इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण विशेष रूप से शहर के बाहर से आने-जाने वाले भारी एवं लंबी दूरी के यातायात को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है. फोर लेन वाले इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण विशेष रूप से शहर के बाहर से आने-जाने वाले भारी एवं लंबी दूरी के यातायात को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है. इसके पूर्ण होने के बाद जबलपुर शहर में यातायात का दबाव कम होगा तथा उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की ओर जाने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं रहेगी.



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुताबिक परियोजना को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 5 अलग-अलग पैकेजों में विभाजित किया गया है. इनमें बरेला से मानेगांव, मानेगांव से एनएच-45, एनएच-45 से कुशनेर, कुशनेर से अमझर तथा अमझर से बरेला तक के खंड शामिल हैं.

> **नर्मदा पर होगा आधुनिक इंजीनियरिंग का प्रतीक**
> परियोजना का सबसे आकर्षक और महत्वपूर्ण हिस्सा नर्मदा नदी पर निर्मित किया जा रहा लगभग 750 मीटर लंबा एक्सट्राडोज्ड ब्रिज है. आधुनिक तकनीक से तैयार किया जा रहा यह पुल न केवल परिवहन सुविधा को बेहतर बनाएगा बल्कि भविष्य में क्षेत्र की एक विशिष्ट पहचान के रूप में भी स्थापित होगा. इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 14 बड़े पुल, 37 छोटे पुल, 4 रेलवे ओवरब्रिज, 3 फ्लाईओवर, 12 वाहन अंडर-पास, 23 हल्के वाहनों के अंडर-पास, 2 एलिवेटेड स्ट्रक्चर, 3 ओवर-पास तथा लगभग 332 पुलियाओं का निर्माण किया जा रहा है.

# कोविड दौर के बाद अब हुई सबसे अधिक गेहूं खरीदी

**128 लाख मीट्रिक टन गेहूं 2021-22 में खरीदा था**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. मप्र में कोविड दौर के बाद दूसरी सबसे अधिक गेहूं खरीदी का रिकॉर्ड बना है.**

इस सीजन में मप्र में एक करोड़ 4 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी की गई है, वहीं वर्ष 2021-22 की अवधि में प्रदेश में एक करोड़ 28 लाख 15 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई थी. यह वह दौर था, जब किसानों को मंडी में गेहूं बेचने के अलावा कोई ज्यादा विकल्प नहीं था. कोविड के चलते खुला मार्केट सीमित हो गया था और खुले बाजार में बेहद कम खरीदी हो रही थी, तब किसानों ने मंडी का रूख किया था, जिस कारण इतनी अधिक खरीदी की गई थी. इस दौरान 17 लाख 25 हजार किसानों से गेहूं की खरीदी की गई थी, वहीं कुल 25301 करोड़ 62 लाख रुपए का भुगतान किसानों को किया गया था, जो कि भुगतान के मामले में भी अब तक की सबसे अधिक राशि है. वहीं इस सीजन में 13 लाख 41 हजार 266 किसानों से गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई.

## एक नजर में

### दो युवतियों की नहर में डूबने से हुई मृत्यु

**जबलपुर.** जिले के बरगी थाना अंतर्गत बरगी बांध की ग्राम सालीवाड़ा स्थित नहर में गत दिनों नहाने गई चार युवतियों में मोबाइल फोन से रील बनाने के दौरान दो युवती शीतल पटेल, तनु पटेल की पानी के तेज बहाव में डूबने से मृत्यु होने तथा सानिया के लापता होने की घटना सामने आई है. रील बना रही श्रृष्टि पटेल ने चौथी युवती निहारिका को बचा लिया था. चारों युवतियां अपने रिश्तेदार डेलन सिंह पटेल के यहां विवाह समारोह में शामिल होने सालीवाड़ा आई थी. मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि जनहित में मामले को संज्ञान मे लेकर, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई की.

### दो लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**शिवपुरी.** जिले में कानून व्यवस्था और जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने दो व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अर्पित वर्मा ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की है. संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज होने के बाद शस्त्रों के दुरुपयोग की आशंका जताई गई थी. अमोला थाना क्षेत्र के गोपाल सिंह और सुघर सिंह लोधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज होने के चलते उनके शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किए गए हैं.



# प्रदेश में नौतपा में मौसम का अजीब उतार-चढ़ाव

**गर्मी और बारिश दोनों का असर**

**भोपाल, 29 मई. मध्य प्रदेश में नौतपा के बीच मौसम का मिला-जुला और असामान्य रूप देखने को मिल रहा है. एक ओर भीषण गर्मी और लू लोगों को झुलसा रही है, तो दूसरी ओर कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से राहत भी मिल रही है.**

गुरुवार को दमोह समेत कई जिलों में तेज बारिश के साथ ओले गिरे, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में दोहरा असर देखने को मिलेगा. ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में दोपहर के समय भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है. वहीं भोपाल और जबलपुर समेत 27 जिलों में यलो अलर्ट के तहत लू चलने की चेतावनी दी गई है. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री से ऊपर पहुंच गया. खजुराहो में 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे अधिक रहा. वहीं दतिया, राजगढ़, नौगांव, दमोह और मलाजखंड में भी पारा 45 डिग्री के आसपास रहा. बड़े शहरों में ग्वालियर 44.7, जबलपुर 44, भोपाल 43.8 और इंदौर 41.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया.

> मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 30 मई से प्रदेश में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. अगले तीन दिनों तक कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना है. हवाओं की रफ्तार 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है. राहत की बात यह है कि 30 मई से 1 जून तक कहीं भी हीटवेव का अलर्ट नहीं रहेगा. विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं और हल्के कपड़ों का उपयोग करें. बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की गई है, क्योंकि बदलता मौसम स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है.

## प्रदेशवासी अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में बढ़ते हुए तापमान और अधिक गर्मी से होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशवासियों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने और बचाव के आवश्यक उपाय अपनाने का आह्वान किया है. मुख्यमंत्री ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में बढ़े हुए तापमान और अधिक गर्मी देखते हुए सभी प्रदेशवासी अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. पर्याप्त पानी पिएं, बच्चों को हाइड्रेटेड रखें और बाहर निकलते समय पानी की बोतल अवश्य साथ रखें. मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवाभावी नागरिकों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करना मानवता की सच्ची सेवा है.

# आरजीपीवी के विभाजन प्रस्ताव पर कांग्रेस चिंतित

## दो नए विवि के गठन से प्रशासनिक खर्च में होगी भारी वृद्धि

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को तीन अलग-अलग संस्थानों में विभाजित करने और उसका नाम बदलने के प्रस्ताव को लेकर छात्रों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है.**

कांग्रेस नेताओं ने इसे प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदेह बताया है. शुक्रवार को भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व भोपाल ग्रामीण युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपिल कोतवाल ने प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि आरजीपीवी पिछले 26 वर्षों से प्रदेश की तकनीकी शिक्षा की रीढ़ रहा है और इसने लाखों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान की है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का विभाजन तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला कदम साबित होगा. कोतवाल ने दावा किया कि दो नए विश्वविद्यालयों के गठन से प्रशासनिक खर्च में भारी वृद्धि होगी. अलग-अलग कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति के कारण प्रतिवर्ष 30 से 40 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय आएगा. वहीं नए भवनों और आधारभूत संरचना के निर्माण पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है.



**बरते पारदर्शिता...**

उन्होंने विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की. उनके अनुसार आरजीपीवी के पास वर्तमान में लगभग 650 करोड़ रुपये की सावधि जमा (एफडी) है, लेकिन विभाजन के बाद नई संस्थाओं को संचालन खर्च पूरा करने के लिए इन निधियों पर निर्भर होना पड़ सकता है. उज्जैन में नए तकनीकी विश्व विद्यालय को प्राथमिकता दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कोतवाल ने राज्य सरकार से पारदर्शिता बरतने की मांग की. उन्होंने प्रस्ताव वापस लेकर आरजीपीवी को और अधिक सशक्त बनाने तथा प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की.

# लावारिस बोलेरो से 138 लीटर बीयर बरामद

## जायका होटल के पास पुलिस की रेड कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 मई। कोतवाली पुलिस बैढ़न ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो वाहन से 138 लीटर बीयर जप्त की है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर जायका होटल के पास रेड कार्रवाई की। रेड के दौरान पुलिस को बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 53 सीए 1351 संदिग्ध हालत में खड़ा मिला। वाहन लॉक था और मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था।



पुलिस ने तलाशी लेने पर बोलेरो के पीछे 12 पेटियों में बीयर रखी हुई पाई। जांच में 11 पेटियों में 24-24 केन और एक पेटी में 12 केन बीयर मिली। कुल 276 केन यानी 138 लीटर बीयर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 33 हजार 120 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब और वाहन को जप्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उप निरीक्षक उदयचंद करिहार, सउनि मुनींद्र देव पाण्डेय, प्रआर रवि सिंह, सतीश बागरी और आशीष त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

# बस स्टैण्ड चौपाटी स्थित वाटर एटीएम पर चोरों की नजर

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 मई। जिले में लगातार बढ़ रही चोरी और असामाजिक गतिविधियों के बीच अब बैढ़न स्थित बस स्टैण्ड परिसर स्थित चौपाटी में लगाए गए वाटर एटीएम को भी चोरों ने निशाना बनाना शुरू कर दिया है।**

बीती देर रात कबाड़ी और नशा करने वाले कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वाटर एटीएम मशीन का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया गया। घटना में मशीन का लॉक तोड़ दिया गया तथा दरवाजे का कब्जा भी उखाड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस तरह से मशीन को नुकसान पहुंचाया गया है, उससे प्रतीत होता है कि अगला निशाना अंदर लगी मशीनों और अन्य उपकरणों को उखाड़कर ले जाना हो सकता है। घटना के बाद वार्ड में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

नगरवासियों ने आरोप लगाया है कि जिले में चोरी, कबाड़, नशा और अन्य आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इन पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा कार्रवाई और धर पकड़ के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

# बंद आश्रमों को करें प्रारंभ : दिग्विजय

## पूर्व मुख्यमंत्री ने उठाया बंद अजा आश्रमों का मुद्दा

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. राज्यसभा सांसद एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर वर्ष 2016 से बंद पड़े अनुसूचित जाति (अजा) वर्ग के बालक एवं कन्या आवासीय आश्रमों को पुन: प्रारंभ करने की मांग की है.**



> पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्रमों के बंद होने से न केवल बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की प्रक्रिया को भी झटका लगा है. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर इन आवासीय आश्रमों को तत्काल पुन: संचालित किया जाए. दिग्विजय सिंह ने कहा कि आश्रमों के पुन: प्रारंभ होने से गरीब एवं वंचित परिवारों के बच्चों को शिक्षा और सरकारी सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सकेगा.

दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में आदिवासी कल्याण विभाग छात्रावास/आश्रम शिक्षक एवं अधीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जावर सिंह आगरा द्वारा उठाई गई चिंताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित कई आवासीय आश्रम वर्ष 2016 में बंद कर दिए गए थे. इससे आर्थिक रूप से कमजोर तथा सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है. उन्होंने कहा कि इन आश्रमों के बंद होने से विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के हजारों अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है.

इन संस्थाओं की स्थापना का मूल उद्देश्य वंचित समुदायों के विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था.

# चौकी सिहावल पुलिस की तत्परता से दो नाबालिग बालक दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 29 मई, चौकी सिहावल पुलिस की तत्परता से दो नाबालिग बालक सकुशल दस्तयाब किये गये हैं। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में चौकी सिहावल थाना अमिलिया पुलिस को दो अलग-अलग गुमशुदा नाबालिग बालकों को सकुशल दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस के अनुसार दिनांक 28 मई 2026 को चौकी सिहावल में एक फरियादी ने उपस्थित होकर सूचना दी कि उसका 11 वर्षीय पुत्र, जिसे उसकी माता द्वारा डांट-फटकार लगाई गई थी, दिनांक 27 मई 2026 को लगभग सुबह 11 बजे अपने एक साथी के साथ घर से निकल गया था और वापस नहीं लौटा। इसी दौरान एक अन्य फरियादी द्वारा चौकी सिहावल में सूचना दी गई कि उसका 13 वर्षीय छोटा भाई भी दिनांक 27 मई 2026 को सुबह करीब 11 बजे अपने साथी के साथ घर से गया था और देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा चौकी सिहावल पुलिस द्वारा परिजनों के साथ तत्काल दोनों बच्चों की तलाश शुरू की गई।

# पत्रकार रामलखन गुप्त की माता जी का निधन

## आज प्रयागराज में होगा अंतिम संस्कार

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट 28 मई, विंध्य क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राम लखन गुप्त (चाकघाट) की माता श्रीमती शिव कुमारी जी अग्रहरि का आज 29 मई को प्रात: 7.15 पर निधन हो गया।**

उनका अंतिम संस्कार 30 मई को प्रात: तीर्थराज प्रयाग (दारागंज)गंगा तट पर किया जाएगा। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनकी आयु 85 वर्ष से अधिक रही। निधन के पश्चात उनके गृह ग्राम चाकघाट में शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।




**नाम परिवर्तन सूचना**

मै ओमी साहू पुत्री विनोद साहू उम्र 12 वर्ष निवासी रामनगर रोड लाल भारती स्कूल के आगे मैहर जिला मैहर की होकर सूचित कर रही हूं कि मेरे नाम ओमी साहू के नाम डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोला गया है जिसका खाता नं.9348611851 वर्तमान मेरे आधार कार्ड, समग्र आईडी, अंकसूची व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम तृषा साहू हो गया है अत: मेरे उक्त खाता में मेरा वर्तमान नाम तृषा साहू दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है. ओमी साहू और तृषा साहू दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अलग-अलग नहीं है.


## पेज एक का शेष

# डेढ़ करोड़ के 50 हजार अवैध कप सिरप बरामद

पुलिस अधीक्षक एसटीएफ राजेश भदौरिया ने बताया कि भोपाल समेंत आसपास के जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी दवा की सप्लाई की जा रही थी. वहीं शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी पकड़े जाने के डर से कप सिरप का रैपर बदलकर दूसरे रैपर लगाकर बाजारों में बेच रहे थे. जिससे सिरप पर लगे रैपर में लिखे एक्सपायरी डेट, बैच नंबर सहित अन्य जानकारी को भी बदल रहे थे. तो पकड़े गये इस एक सिरप की कीमत बाजार में करीब 200 रुपये तक की है.

**मुख्य आरोपी गिरफ्तार :** एसटीएफ के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में आकाश भाटी, चन्द्रपाल मुखिया, धानसिंह, अकील खान, हरिओम मोगिया, नरेश भाटी, अजय मोगिया सहित 3 नाबालिग मौके पर गिरफ्तार किये गये हैं. अन्य आरोपियों के तलाश में टीम जुटी हुई है.

# गिरिबाला व बेटा समर्थ पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर

वहीं ट्विशा शर्मा की अस्थियां परिजनों ने ऋषिकेष पहुंच कर गंगा नदी में विसर्जित कर दी हैं.

**समर्थ का मेडिकल चेकअप :** सीबीआई ने कोर्ट में पेश करने से पहले आरोपी समर्थ सिंह का जिला चिकित्सालय जेपी हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप कराया था. वहीं पूर्व जज गिरिबाला सिंह का मेडिकल मेनिट परिसर में ही कराया गया था. टनल व्यू इन्वेस्टिगेशन तकनीक से होगी जांच : सीबीआई सूत्रों के अनुसार जांच में अब टनल व्यू इन्वेस्टिगेशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा. टनल व्यू एक ऐसी डिजिटली तकनीक है. जिसमें किसी अपराध के अंतिम क्षणों को पुनर्निर्माण किया जाता है. इसमें पुलिस और जांच एजेंसियां कई तरह की जानकारी एक साथ मिलाती हैं. इसके तहत एजेंसी ट्विशा के आखिरी घंटों का वर्चुअल रीक्रिएशन तैयार कर रही है. इसका मकसद घटना से पहले और बाद की हर गतिविधि को मिनट-दर-मिनट समझना है, ताकि मौत से जुड़ी परिस्थितियों की पूरी तस्वीर सामने आ सके.

# इटारसी डीजल लोको शेड में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

**भोपाल.** विश्व पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत 29 मई 2026 को डीजल लोको शेड इटारसी में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. सुबह 11 बजे 'शुद्ध पर्यावरण' के संदेश के साथ एक जागरूकता पैदल मार्च निकाला गया. यह मार्च डीजल लोको शेड परिसर से शुरू होकर रेलवे कॉलोनी, ऑफिसर रेस्ट हाउस और सीनियर इंस्टीट्यूट होते हुए वापस शेड परिसर में संपन्न हुआ. इसमें अधिकारियों, वरिष्ठ पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मार्च के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया.


**कार्यालय नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा म.प्र.**

Address-semariya Ward-09, Pin Code-486445
Email-cmosemariya@mpurban.gov.in
क्रमांक/न.परि./2026/62 सेमरिया दिनांक-26.5.2026

**//इश्तहार मियादी 15 दिवस//**

विषय :- कर पंजी में नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में

उपरोक्त विषय के संबंध में जरिये सूचना सूचित किया जाता है कि श्री धर्मेन्द्र गुप्ता पिता श्री गणेश गुप्ता निवासी सेमरिया वार्ड क्र.10 जिला रीवा म.प्र. के निवासी हैं, इनके द्वारा वार्ड क्र.10 स्थिति वार्ड 10 गणेश गुप्ता पिता रामलाल गुप्ता का पक्का मकान नामान्तरण किया गया है.श्री गणेश गुप्ता / रामलाल गुप्ता का कर पंजी के सरल क्रमांक 161 में नाम दर्ज है जिसके स्थान पर धर्मेन्द्र गुप्ता पिता गणेश गुप्ता का नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया गया है. जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है. उत्तर- रावेन्द्र गुप्ता, पूर्व-मेन सड़क, दक्षिण- श्रीमती कुसुम गुप्ता, पश्चिम: डॉ.दुर्गेश्वरी मिश्रा. अत: किसी को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अभिलेख सहित आपत्ति करें अग्रिम कार्यवाही की जावेगी. निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)**



**कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट जिला- सतना (म0प्र0)**

cmochitrakoot@mpurhan.gov.in Phone: 07670-265329
CERTIFIED : ISO9001, 2015, ISO14001, 2015

क्र0/न0प0 / राजस्व / 1738 / 2026 चित्रकूट दिनांक 29-05-2026

**:: तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::**

नगर परिषद् चित्रकूट द्वारा नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों / सप्लायर्स से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्न तालिका में वर्णित फूलमाला विक्रय एवं शू-स्टैण्ड हेतु ऑनलाइन निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दरें आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सबंधित समस्त जानकारी शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट http://mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संसोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा ।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | शासकीय निलामी राशि | अमानत राशि | निविदा का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_ 511561_1 | गुप्तगोदावरी परिसर में फूलमाला विक्रय हेतु | 5497310 | 41230.00/- | 10000.00/- | 2026-27 |
| 2. | 2026_UAD_ 511561_2 | कामदगिरी परिसर में फूलमाला विक्रय हेतु | 1588400 | 11913.00/- | 2000.00/- | 2026-27 |
| 3. | 2026_UAD_ 511561_ | गुप्त गोदावरी परिसर में शू- स्टैण्ड संचालन हेतु | 775610 | 7756.00/- | 2000.00 | 2026-27 |

**शर्ते :-**

1. इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देख सकते है ।, 2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.05.2026 को 10.30 बजे से 06.06.2026 को 17.30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते है। 3. निविदा समस्त शर्ते निविदा प्रपत्र अनुसार होगी ।4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी । 5. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोडकर प्रस्तुत की जावें ।6. शासकीय बोली की राशि से अधिक की दर मान्य होगी । 7. संविदाकार को निविदा के साथ नगर परिषद् चित्रकूट के पक्ष में निर्धारित अमानती राशि की एफ.डी. आर / बैंक ड्राफ्ट कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा । 8. विगत वर्ष के बकाया संविदाकारों की निविदा स्वीकार नही की जावेगी । 9. उच्चतम दर वाले संविदाकारों की निविदा स्वीकार की जावेगी ।10. फूलमाला कामदगिरी स्थल का विक्रय केन्द्र बिहारी चौक पूर्वी मुखार बिन्द में निर्धारित किया गया है। संविदाकारों द्वारा चल फिर कर भी फूलमाला का विक्रय किया जा सकता है। 11. निविदा मे भाग ले रहे संविदाकारों को शासकीय दर की राशि में अनुबंध की तिथि से एक चौथाई राशि की भरपाई करना होगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् चित्रकूट**
**जिला- सतना (म0प्र0)**